हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

NEWS

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–142 : जौनपुर, शुक्रवार 03 फरवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## केंद्र सरकार को समय पर भेजें बजट स्वीकृति के प्रस्ताव –मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शासन के अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2023–24 के केंद्रीय बजट से राशि स्वीकृत कराने के लिए प्रस्ताव समय पर केंद्र सरकार को भेजने के निर्देश दिए है। सीएम ने कहा कि यूपी रेवेन्यू प्लस राज्य है, यहां राजस्व की कोई समस्या नहीं है। बृहस्पतिवार शाम मुख्यमंत्री आवास पर शासन के अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश का आगामी बजट केंद्रीय बजट के प्रावधानों को ध्यान में रखकर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए प्रभावी प्रयास किया जाना जरूरी है। इसके दृष्टिगत समस्त कार्यवाही समयबद्ध ढंग से की जाए। प्रदेश के सभी जिलों में एक–एक हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर का निर्माण कराया जाए। यह प्रदेश को हेल्थ टूरिज्म के हब के रूप में स्थापित करने में उपयोगी होगा। स्टेट कैपिटल रीजन की अवधारणा को साकार करने के लिए लखनऊ को ग्रेटर लखनऊ के रूप में विकसित करने की योजना बनाएं। उन्होंने कहा कि 2023–24 का प्रदेश का बजट, केंद्रीय बजट के प्रावधानों को ध्यान में रखकर बनाया जाए। दोनों बजट के माध्यम से अच्छा प्रदर्शन



करने का प्रयास किया जाए। प्रदेश की जनता की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं का बजट में ध्यान रखा जाए। प्रधानमंत्री पीवीटीजी विकास मिशन के तहत बिजनौर की बुक्सा जनजाति के विकास के लिए नियोजित प्रयास किए जाएं। प्रदेश में मंडल स्तर पर वहां की सामाजिक व भौगोलिक परिस्थिति के दृष्टिगत खेल की गतिविधियों के विकास के लिए खेल सेंटर बनाए जाएं। ओडीओपी उत्पादों के खोलें आउटलेट मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई उत्तर प्रदेश की बड़ी ताकत और औद्योगिक विकास का आधार है। उन्होंने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, जी–20 के आयोजन स्थल के साथ स्टेट गेस्ट हाउस, हवाई अड्डों पर ओडीओपी उत्पादों के आउटलेट स्थापित करने के निर्देश दिए।

## खाद्यान्न काला बाजारी तथा मिलावट हेतु कोटेदार के खिलाफ मुकदमा किया गया दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुजानगंज क्षेत्र के बेलवार ग्राम सभा के कोटेदार राजेश कुमार पर खाद्यान्न में मिलावट और मुक्त राशन को भी पैसे लेकर देने तथा कम तौलने का आरोप था ।जिसमे जिलाधिकारी के आदेशानुसार पूर्ति निरीक्षक ने जांच की और कमी को पाया ।उन्होंने कोटेदार के खिलाफ सुजानगंज थाने में एफ आई आर दर्ज करवाई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बेलवार ग्राम प्रधान चंद्र भान के शिकायत पर जियाधिकारी के आदेशानुसार पूर्ति निरीक्षक पद्माकर तिवारी ने मौके पर जाकर जांच की उन्होंने वहा उपस्थित शांति देवी ,मंजू देवी,कमला ,सोनी पाल ,साध् ाना समेत कई लोगो से बात की सभी लोगो ने कोटेदार द्वारा अनाज को कम तौलने और गेहूं में बालू ,कंकड़ और चावल में नमक मिलाने और निशुल्क राशन के स्थान पर मनमाना पैसा लेने और प्रत्येक बार दो या तीन किलो कम तौलने का आरोप लगाया ।मौके पर पहुंचे अधिकारी ने सभी शिकायत कर्ता के बयान दर्ज किया और कोटेदार के इ पस मशीन से मिलान करने पर राशन के मात्रा में भी अंतर आया ।पूर्ति निरीक्षक ने बताया की जांच के समय अधिकारी को स्टॉक व बिक्री अभिलेख उपलब्ध न कराना,उचित दर के स्टॉक के भौतिक सत्यापन में पाए गए अंतर तथा कालाबाजारी के आरोप में उन पर मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

## सरपतहां थाना क्षेत्र में प्रेमी युगल चढ़े पंजाब पुलिस के हत्थे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहां थाना क्षेत्र के भटौली गांव से एक प्रेमी युगल शुक्रवार को पंजाब की पटियाला पुलिस के हत्थे चढ़ गए ।आवश्यक कार्रवाई करने के बाद दोनों को हिरासत में लेते हुए टीम वापस लौट गई। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र की सरायमोहिउद्दीनपुर पुलिस चौकी अन्तर्गत भटौली गांव निवासी शनि गौतम रोजी रोटी के सिलसिले में पंजाब प्रान्त के पटियाला शहर में रह कर नौकरी करता था ।वहीं एक नाबालिगा से उसका प्रेम परवान चढ़ने लगा ।इसी बीच डेढ़ माह पूर्व उक्त युवक प्रेमिका के साथ वापस गांव आ गया। युवक के परिजन दोनों के प्रेम के आगे झुकते हुए बिजेथुवा महाबीर मन्दिर में दोनों का विवाह करा दिया ।परिजनों की माने तो इसके पूर्व भी लड़की दो बार भागकर गाँव आई थी ।उधर नाबालिगा के परिजन की तहरीर पर पटियाला पुलिस मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही थी ।छानबीन करते हुए पुलिस शुक्रवार को युवक के घर धमक पड़ी और दोनों को हिरासत में ले ली ।उसके बाद आवश्यक कार्रवाई के साथ ही दोनों को साथ लेकर टीम वापस लौट गई।

## सरकारी योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाएं प्रधान और बीडीसी –रजनी तिवारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में क्षेत्र पंचायत, पिहानी की बैठक को संबोधित करते हुए बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि प्रधान व बीडीसी सरकार योजनाएं जनप्रतिनिधियों के माध्यम से ही प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाई जा सकती है। राज्यमंत्री ने मनरेगा, राज्य वित्त, केंद्रीय वित्त 23 करोड़ की योजनाएं अनुमोदित की। उन्होंने कहा ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य सरकार की योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि ा सरकार की योजनाओं का लाभ उन्हीं लोगों तक पहुंचाएं जिन्हें वास्तव में उनकी आवश्यकता है। सरकार ने बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य किए हैं। समाज के गरीब और मजदूर वर्ग तक सीधे योजनाओं का लाभ पहुंचा है। उन्होंने जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तब सिर्फ बिजली और सड़कों के मामले में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हुआ है। विकास खंड अधिकारी उदयवीर दुबे ने एजेंडा प्रस्तुत करते हुए संचालित विकास योजनाओं के बारे में सदस्यों को जानकारी दी। ब्लाक प्रमुख कुशी वाजपेई ने क्षेत्र पंचायत की बैठक में जल संरक्षण व निकासी, परिषदीय विद्यालयों के सुंदरीकरण व प्रधानमंत्री आवास योजना, विभिन्न प्रकार के पेंशन समेत कई प्रस्तावों पर गहन चर्चा की। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए




ब्लॉक प्रमुख रनिया देवी ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण व जल निकासी का विशेष प्रबंध पूरी पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। कुछ सदस्यों ने पुरानी कार्ययोजना के अधूरे कार्यों का जिक्र किया। एडीओ पंचायत तेजराम ने प्रधानमंत्री आवास योजना समेत कई योजनाओं के विषय में प्रधान व बीडीसी विस्तृत चर्चा की कार्यक्रम का संचालन नवनीत बाजपेई रूची ने किया ।इस मौके पर प्रधान संघ अध् यक्ष मेवाराम, जिला पंचायत सदस्य सोनू भारती, जिला पंचायत सदस्य दीनदयाल वर्मा, दिलीप मिश्रा, बबलू लूंगी, अरुण सेठ ,समेत कई लोग मौजूद रहे। बैठक में सभी ग्राम पंचायत अधिकारी भी मौजूद रहे।

## एसपी जौनपुर सहित यूपी के 11 आईपीएस अधिकारियों का किया गया तबादला : अजय पाल शर्मा बने एसपी जौनपुर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को 11 आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है इस तबादले में जनपद जौनपुर भी प्रभावित रहा जनपद के एसपी अजय कुमार साहनी का तबादला करते हुए सहारनपुर का डीआईजी बना दिया गया है। डा अजय पाल शर्मा पुलिस मुख्यालय लखनऊ 112 से जौनपुर के नये एसपी बना दिये गये। इनके बारे में खबर है कि अपराधियों के सबसे बड़े शत्रु माने जाते है यानी काउन्टर एसपेस्लिस्ट कहे जाते है । इसके साथ ही कमलेश दीक्षित बने एसपी रूल्स एंड मैनुअल ।शिवहरी मीणा बने एसपी साईबर क्राईम लखनऊ ।अनंतदेव बने डीआईजी रेलवे प्रयागराज ।पवन कुमार बने एसपी एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स लखनऊ।

## जेसीआई जौनपुर ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : शहर की अग्रणी समाजसेवी संस्था जेसीआई जौनपुर ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत नगर स्थित होली चाइल्ड अकेडमी में सेमिनार का आयोजन किया। जेसी दिलीप सिंह की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि नगर क्षेत्राधिकारी यातयात श्री कुलदीप कुमार गुप्ता ने व्यावहारिक भाषा में स्कूल के बच्चों को यातायात नियमों के पालन करने व उनको अपने अभिभावकों को प्रेरित करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी श्री एस पी सिंह ने सड़क दुर्घटना में मरने वालों का आंकड़ा पेश किया व उनसे कैसे बचा जाए इसकी जानकारी दी उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख लोग रोड एक्सीडेंट की वजह से मारे जाते हैं और इससे कहीं ज्यादा लोग अपंग या घायल होते हैं। साथ ही साथ लाइसेंस संबंधि ात नियमों की भी जानकारी दी। प्रभारी एआरटीओ प्रवर्तन श्रीमती स्मिता वर्मा ने एंबुलेंस को रास्ता देने की बात कही तथा प्रभारी निरीक्षक यातायात श्री जीडी शुक्ला ने सभी को यातायात नियमों की जानकारी दी व उन्हें पालन करने हेतु प्रेरित किया। मंडल अध्यक्ष राधे रमण जयसवाल व जोन अधिकारी गौरव सेठ ने जेसीआई के उद्देश्य व संस्था के द्वारा किए गए समाजसेवी कार्यों पर प्रकाश डाला। प्रबंधक डॉ अशोक कुमार सिंह ने सड़क सुरक्षा जागरूकता



के प्रति प्रेरित किया। हेड कॉन्स्टेबल सुरेंद्र कुमार तिवारी ने सड़कों के किनारे स्थित चिन्हों के बारे में बताया व यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप सिंह ने किया। कार्यक्रम में यातायात जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधि ाकारियों को सम्मान पत्र व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य श्रीमती नीलम सिंह, आशुतोष जायसवाल, रंजीत सिंह सोनू, रमेश श्रीवास्तव, दिलीप जायसवाल, सौरभ बरनवाल, राज साहू, अभिषेक बैंकर आदि मौजूद रहे। सचिव आकाश केसरवानी ने आए हुए सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। आरटीओ एसपी सिंह ने कार्यक्रम में सभी बच्चों व आगंतुकों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए शपथ दिलाई।

## विद्यार्थी अर्थव्यवस्था में करें सहयोग –प्रो. विष्णु दत्त पांडेय

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी भवन में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसका विषय था वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामीः अवसर और आयाम। यह कार्यक्रम यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के संदर्भ में किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर विष्णु दत्त पांडेय ने कहा कि सरकार की मशा है कि पूंजी निवेशकों और विद्यार्थियों के बीच संवाद हो, ताकि विद्यार्थी आर्थिक विकास की धारा में सहयोग कर सकें। उत्तर प्रदेश सरकार का यह अनुमान है कि इस ग्लोबल समिट में 2 लाख करोड़ का निवेश आएगा। निवेशक द्वारा निवेश करने के लिए आवश्यक है सुशासन का होना। इस मामले में उत्तर प्रदेश देश में गुड गर्वनेंस का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की मंशा न केवल तकनीकी और विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए अपितु मानविकी के विद्यार्थियों के लिए भी अपरेंटिस की सुविधा मुहैया कराना है। उन्होंने कहा कि युवा ही विकास के भविष्य हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों उठो, जागो और सजग रहो तभी आत्मनिर्भर बन सकते हो। इस अवसर पर दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के निदेशक (आईएएस) सत्य प्रकाश पटेल ने कहा युवाओं को सीखने की सुविधा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी जा रही है। सरकार की सरलीकरण नीति से प्रदेश में व्यापार का वातावरण बना है। इसका लाभ हर वर्ग को उठाना चाहिए। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा युवा जिस भी क्षेत्र में रहे वहाँ कौशलयुक्त रहे जिससे उन्हे



रोजगार के अवसर आसानी से मिल सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी मनीष वर्मा ने कहा हर क्षेत्र में स्टार्टअप्स को बढ़ावा दिया जा रहा है। शासन–प्रशासन स्टार्टअप्स के लिए सुनहरा वातावरण प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इंजीनियरिंग संस्थान के संकायाध्यक्ष प्रो. बीबी तिवारी ने कहा हमारा देश विकास की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश पूरे भारत का सशक्त प्रदेश है। वर्तमान मे स्टार्टअप्स की धूम है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. अविनाश पाथर्डीकर ने विषय प्रवर्तन करते हुए प्रोग्राम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने सरकार की विद्यार्थियों के प्रति सकारात्मक सोच को रेखांकित किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव महेंद्र कुमार ने करते हुए कहा कि युवा कल के भविष्य है इसलिए सरकार ने उन्हें केंद्रित कर यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बनाया है। इस अवसर पर वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, अजीत सिंह, बबिता सिंह, प्रो.वंदना राय, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो.अजय प्रताप सिंह, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मिथिलेश सिंह प्रो. संदीप सिंह डा. मनोज मिश्र, डा. राजकुमार, डा. प्रमोद कुमार यादव, डा. गिरधर मिश्र, डा. रसिकेश, डा. अमरेंद्र कुमार सिंह, डा. सुनील कुमार, डा. दिग्विजय सिंह राठौर, डा. आशुतोष सिंह, डॉ सुशील कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## युवती अपहरण मामला : एसएसपी सहारनपुर मानव अधिकार आयोग में तलब

लखनऊ ब्यूरो : एक युवती के अपहरण के मामले में उप्र मानव अधिकार आयोग ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर को तलब किया है। आयोग ने समन जारी करते हुए कहा है कि एसएसपी 17 फरवरी को व्यक्तिगत रूप से आयोग में उपस्थित हों। सहारनपुर जिले के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित एक व्यक्ति ने 8 नवंबर 2022 को उप्र मानव अधि ाकार आयोग को पत्र भेजा था। उसने आरोप लगाया कि 17 दिसंबर 2020 को गांव का ही एक युवक उसकी पुत्री का अपहरण कर उसे केरल में ले गया। थाने में तहरीर देने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा विपक्षी उसे ही झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगा। इस मामले में आयोग ने एसएसपी को समन जारी किया है। उधर शिकायतकर्ता ने बताया कि बाद में वह अपनी बेटी को केरल से जाकर ले आया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार भी किया पर अभी उसका साथी फरार है। पुलिस ने इस मामले में अभी पूरी कार्रवाई नहीं की है।

## पाठक बन्धुओं से अनुरोध

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट **www.Desh ki upasana.com** का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - **dku live** सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## जिलाधिकारी द्वारा जनसुनवाई कक्ष में परिवहन ठेकेदारों के साथ की गई बैठक

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा जनसुनवाई कक्ष में परिवहन ठेकेदारों के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एन.एफ.एस.ए.) के खाद्यान की



उठान की समीक्षा करते हुए परिवहन ठेकेदारों को बताया कि जनवरी महीने का एन.एफ.एस.ए. के उठान 10 दिन के भीतर नही हुआ तो मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि गाड़ियों की संख्या 100 करें और शासन के मंशा के अनुरूप उठान कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सम्बंधित उप जिलाधिकारियो को निर्देश दिया कि गाड़ियों की मॉनिटरिंग करें। जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही एवं डिप्टी आरएमओ नृपंजय पाठक को नियमित रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए।

## बच्चों को गणित के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए क्विज का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रजत वूमंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट में गणित क्विज कराया गया। बच्चों को गणित के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए क्विज का आयोजन कराया गया। क्विज




में दो टीमें शामिल रहीं ।टीम ए में डीएलएड थर्ड ईयर की जाह्नवी ,प्रगति ,संयोगिता तथा सना छात्राओं ने भाग लिया और टीम बी में डीएलएड थर्ड सेमेस्टर से शिखा, पारुल, सौम्या, ईशा तथा आन्या छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के द्वारा जीवन में गणित की महत्वता को बताया गया। अंत में प्रतिभागियों को पारितोषिक देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## दो अलग अलग जगहों से चार वारंटी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शाहगंज जौनपुर क्षेत्र के दो अलग अलग जगहों से शुक्रवार की सुबह न्यायालय में चल रहे मुकदमे में हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने चार युवक को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया । प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के अख्खनसराय गांव निवासी अरविंद प्रजापति पुत्र बंशराज प्रजापति को घर से गिरफ्तार कर लिया। वहीं नगर के एराकियाना मोहल्ला निवासी दिल्लू उर्फ दिलशाद पुत्र मुस्तफा, मुस्तफा पुत्र सकूरुल्ला, बिस्मिल्लाह पुत्र मुस्तफा का न्यायालय में चल रहे मुकदमे में हाजिर न होने पर न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को घर से गिरफ्तार कर चारो का चालान न्यायालय भेज दिया ।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

इस जन्म का पैसा अगले जन्म में काम नहीं आता लेकिन पुण्य जन्मों –जन्म में काम आता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# केन्द्रीय बजट दिलाएगा हाथ से गंदगी साफ करने के कलंक से मुक्ति

मौजूदा सरकार का अंतिम पूर्ण बजट होने के कारण वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट 2023–24 में समाज के लगभग सभी वर्गों को छूने का प्रयास किया है। खासकर आयकर छूट की सीमा 5 लाख से बढ़ाकर 7 लाख और पुरानी कराधान व्यवस्था के तहत टैक्स स्लैब 6 की जगह 5 करने के साथ ही छूट की सीमा 2.50 लाख सालाना से बढ़ाकर 3 लाख करने से न केवल सरकारी कर्मचारियों बल्कि मध्यम वर्ग ने भी राहत की सांस ली है।

वहीं, इस बजट में सामाजिक तौर पर जो महत्वपूर्ण बात नजर आ रही है वह सफाई कर्मचारियों को मैनुअल स्कैवेंजिंग से मुक्ति दिलाने के लिए सेप्टिक टैंकों और गन्दी नालियों की सफाई के लिए मशीनीकरण शुरू करने की है।

वास्तव में कानूनी प्रावधानों के बावजूद व्यवहारिक कठिनाइयों और दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव में सिर पर मैला ढोने या दूसरों की गन्दगी को हाथ से साफ करने का कलंक समाज के माथे से साफ नहीं हो रहा है। अब भी हर साल सेकड़ों की संख्या में सफाईकर्मी सीवरलाइनों के अन्दर दम घुटने से जान गंवा रहे हैं। आज भी स्केवेंजिंग का काम अनुसूचित जाति के एक वर्ग के भरोसे चल रहा है।

मशीनें दिलाएंगी मैला साफ करने के कलंक से मुक्ति

वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए केन्द्र सरकार के वार्षिक बजट 2023–24 में संकल्प लिया गया है कि सेप्टिक टैंकों और नालों से मानव द्वारा गंदगी निकालने का काम पूरी तरह से मशीनयुक्त बनाने के लिए शहरों को तैयार किया जाएगा। जाहिर है कि केन्द्र सरकार इस प्रथा की मुक्ति के लिए नगर निकायों को मशीनें उपलब्ध कराएगी या उसके लिए अलग से बजट देगी। स्वच्छता अभियान के तहत केन्द्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच मुक्ति का अभियान 2014 से चला चुकी है।

हालांकि, खुले में मुक्ति के लिए अक्टूबर 2019 तक का लक्ष्य रखा गया था जो कि व्यवहार में अभी तक अधूरा है। फिर भी उस मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों घरों में शौचालय बने हैं। अब इस अभियान को अगर दिलोजान से चलाया गया तो इंसानों की एक बिरादरी को सचमुच दूसरों की गन्दगी साफ करने से कलंक से मुक्ति मिल जाएगी।

महात्मा गांधी और डॉ. अम्बेडकर दोनों ने ही हाथ से मैला ढोने की प्रथा का पुरजोर विरोध किया था। यह प्रथा संविधान के अनुच्छेद 15, 21, 38 और 42 के प्रावधानों के भी खिलाफ है। आजादी के 7 दशकों बाद भी इस प्रथा का जारी रहना देश के लिए शर्मनाक है और शीघ्रातिशीघ्र इसका अंत होना चाहिए।

सीवर लाइनों में सेकड़ों सफाईकर्मी तोड़ते हैं दम

लोक सभा में 2 फरवरी 2021 को लातूर महाराष्ट्र के सांसद सुधाकर तुकाराम के एक प्रश्न के उत्तर में तत्कालीन सामाजिक अधिकारिता मंत्री थावर चन्द गहलोत का जवाब था कि 31 दिसम्बर 2020 तक उससे पिछले 5 सालों में देशभर में सीवर लाइनें साफ करते हुए 340 सफाइकर्मियों की मौतें हुई।

इनमें सर्वाधिक 52 सफाईकर्मी उत्तर प्रदेश में मारे गए उसके बाद तमिलनाडु की गंदी नालियां जाति विशेष के कर्मियों के लिए मरघट बनीं जहां 43 लोगों ने जानें गंवाई। देश की राजधानी दिल्ली जहां से इस समाजवादी–धर्म निरपेक्ष–लोकतांत्रिक गणराज्य का संचालन होता है, में 36 सफाईकर्मियों ने नारकीय परिस्थितियों में दम तोड़ा।

समाजिक अधिकारिता मंत्री का यह भी जवाब था कि देश में अब तक 13 राज्यों में 13,657 मैला ढोने वालों की पहचान की गई है, लेकिन 2011 की जनगणना में परिवारों के आंकड़ों से बड़ी संख्या में गंदे शौचालयों को हटाने को ध्यान में रखते हुए राज्यों से कहा गया है कि वे अपने सर्वेक्षण की दोबारा समीक्षा करें।

उसी दौरान 4.97 लाख घरों में मानव मल की सफाई पशुओं द्वारा किए जाने की भी पहचान हुई। इससे पहले 1992 से लेकर 2005 तक देश में 7.7 लाख सिर पर मैला ढोने वालों की पहचान की गई थी। उसके बाद 2010 में 1.18 लाख मैनुअल स्कैवेंजरों की पहचान की गई।

स्केवेंजिंग से कानून नहीं दिला पाया मुक्ति

दरअसल, कानून अकेले किसी समस्या का समाधान नहीं कर सकता। अगर इस अमानवीय समस्या का समाधान कानून के पास होता तो नब्बे के दशक में समस्या तब समाप्त हो जाती जब पहली बार 1993 में सफाई कर्मचारी नियोजन और शुष्क शौचालय सन्निर्माण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1993 आ गया था। जिसका उद्धेश्य मानव मल–मूत्र को हटाने के लिए सफाई कर्मचारियों के नियोजन को अपराध घोषित कर सफाई कार्य के हाथ से किए जाने का अन्त करने और देश में शुष्क शौचालयों की और वृद्धि पर पाबंदी लगाने के लिए संपूर्ण भारत के लिए एक समान विधान अधिनियमित करना था।

जब इस कानून से काम नहीं चला तो उसके बाद सितम्बर 2013 में संसद द्वारा ''हाथ से मैला साफ करने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम 2013'' पास किया गया। वह अधिनियम 6 दिसम्बर 2013 से प्रभावी हुआ। इस अधिनियम में अस्वच्छ शौचालयों और मैनुअल स्केवेंजिंग संबंधी उपबंधों का पहली बार उल्लंघन करने पर 1 वर्ष की सजा या 50 हजार का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

दूसरी बार उल्लंघन करने पर 2 वर्ष की सजा और 1 लाख का जुर्माना हो सकता है। तीसरी बार उल्लंघन करने पर 5 पांच साल की सजा या 5 लाख के जुर्माने या दोनों का प्रावधान है। इस अधिनियम की धारा 22 के अन्तर्गत पाए गए अपराध संज्ञेय एवं गैर जमानती हैं, लेकिन फिर भी समाज के एक खास वर्ग को इससे पूरी तरह मुक्ति नहीं मिल सकी।

नगर निकायों ने भी कानून का पालन नहीं किया

अब तक कानून तो बनते रहे मगर वे कानून अपने उद्धेश्य की पूर्ति न कर सके। करते भी कैसे? क्योंकि बिना सफाई के नगर नर्क बन जाएंगे। इसलिए 2011 के कानून का उल्लंघन स्वयं नगर निगम और नगरपालिका जैसे नगर निकाय भी नहीं कर रहे थे। इस समस्या का निदान के लिए पहले भी सुझाव आए थे कि सफाई का काम हाथ से या मजदूरों से कराने के बजाय नगर निकाय मशीनों से कराएं।

उन मशीनों पर कोई भी और और किसी भी जाति का सामान्य कर्मचारी काम कर सकता है, लेकिन नगर निकायों को ऐसी मशीनें नहीं दी गई। अब उम्मीद की जा सकती है कि भारत सरकार की मदद से सारे देश के शहरों में मशीनों से ही नालियों, सीवरलाइनों और सेप्टिक टैंकों की सफाई हो सकेगी। मैनुअल स्कैवेंजिंग से एक जाति विशेष का उद्धार नहीं हो पा रहा है। संसद में 2021 में स्वयं सरकार ने स्वीकार किया था कि इस पेशे में लगे लोगों में 97.25 प्रतिशत लोग अनुसूचित जाति के थे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## अपर जिला जज द्वारा जिला कारागार का किया गया निरीक्षण

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधाकर दुबे ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान में आज जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज द्वारा महिला बैरक में बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकरी प्राप्त की गई। अपर जिला जज द्वारा बंदियो को जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम की स्थापना की गई है जिससे ऐसे बंदी जो अपना अधिवक्ता स्वयं करने में आर्थिक रूप से असमर्थ है उनके मुकदमे की निःशुल्क पैरवी हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में चीफ, डिप्टी व दो असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल की नियुक्ति की गई है। अपर जिला जज द्वारा कारागार के चिकित्सालय में रोगियों से उनके उपचार के विषय



मे कारागार के चिकित्सक से जानकारी ली गई तथा जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि बंदियों की समस्यायों के समाधान के लिए अधिक से अधिक प्रयास करें तथा कौशल विकास के कार्यक्रमों का आयोजन करवाये जिससे बंदियो को रिहा होने के पश्चात इसका लाभ प्राप्त हो सके। इस अवसर पर जेल अधीक्षक उदय प्रताप मिश्र, जेलर संजय कुमार सिंह, डिप्टी जेलर उमाशंकर, विजया लक्ष्मी तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ आदर्श पांडेय, डिप्टी देवेन्द्र कुमार सिंह, असिस्टेंट पवन गुप्ता, अनुभव वर्मा व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षा केंद्र के बाहर लिखवाने होंगे हेल्पलाइन नंबर ई–मेल आईडी शिकायत हेतु टोल फ्री नंबर

लखनऊ ब्यूरो : 16 फरवरी से शुरू हो रही यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्र के बाहर सहायता व शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर लिखवाने होंगे। साथ ही परीक्षा के लिए बनाए गए ट्वीटर हैंडल, फेसबुक पेज और डेडीकेटेड ई–मेल आईडी की भी जानकारी दी जाएगी। ताकि कोई भी आम आदमी इससे जुड़ी शिकायत व जानकारी दे सके। यह निर्देश मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने सभी कमिश्नर, डीएम व पुलिस अधिकारियों को भेजे गए परीक्षा निर्देश में दिए हैं। इस क्रम में परीक्षाओं में नकल आदि की शिकायत के लिए टोल फ्री नंबर 18001805310 व 18001805312 और वाट्सअप नंबर 9415866899 जारी किया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यालय स्तर पर कंट्रोल रूम डीआईओएस द्वारा बनाया जाए। जिसे डीआईओएस कार्यालय या राजकीय विद्यालय में स्थापित किया जाए। प्रदेश में बनाए गए 8753 परीक्षा केंद्रों पर नकल की रोकथाम व गोपनीयता भंग न होने देने के लिए सख्त कदम उठाने को कहा है। उन्होंने कहा है कि परीक्षा केंद्रों की संख्या के आधार पर जिले को जोन–सेक्टर में बांटकर सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार की नियुक्ति की जाए। परीक्षा केंद्रों के आस–पास 100 मीटर की परिधि में और जरूरत पड़ने पर उसके बाहर भी धारा 144 लागू की जाए। परीक्षा केंद्रों से एक किलोमीटर की परिधि में फोटो कॉपी व स्कैनर का संचालन परीक्षा के दौरान पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। नकल में लिप्त लोगों पर अंकुश लगाने के लिए एलआईयू से सूचना लेकर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान प्राचार्यों, शिक्षकों को धमकाने आदि पर सख्त कार्रवाई की जाए। सामूहिक नकल के संदेश में संबंधित अधिकारियों से तुरंत संपर्क कर कार्रवाई की जाए। परीक्षा संबंधित सूचनाएं वायरलेस पर पुलिस स्टेशन में देने की सुविधा डीआईओएस को दी जाए। यह भी दिए निर्देश

मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारी केंद्रों का औचक निरीक्षण करें सेक्टर में परीक्षा केंद्रों में नकल रोकने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट उत्तरदायी होंगे सशस्त्र गार्डों से 24 घंटे प्रश्नपत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए प्रश्नपत्रों को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखा जाए परीक्षा केंद्र पर वायस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरा प्रभावित रूप से काम करें लड़कियों की चेकिंग सिर्फ महिलाओं द्वारा ही की जाएगी कक्ष निरीक्षकों व परीक्षा से जुड़े कर्मचारियों का मोबाइल गेट पर रखवाया जाएगा




परीक्षा केंद्र में नियुक्त कक्ष निरीक्षक पहचान पत्र, आधार कार्ड रखेंगे कम से कम 50 फीसदी कक्ष निरीक्षण दूसरे विद्यालयों के होंगे परिवहन विभाग परीक्षा केंद्रों तक यथासंभव सार्वजनिक बसों का संचालन कराए परीक्षा अवधि में रियल टाइम मॉनीटरिंग के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाएं प्रधानाचार्य कक्ष में न बनाएं स्ट्रांग रूम बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्रों के सुरक्षित रख–रखाव के लिए प्रधानाचार्य कक्ष को स्ट्रांग रूम न बनाने को कहा है। प्रमुख सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार ने सभी जिलाधिकारी, डीआईओएस व पुलिस प्रशासन को परीक्षा से संबंधित विस्तृत दिशा–निर्देश बृहस्पतिवार को जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रधानाचार्य कक्ष में परीक्षा संचालन व अन्य प्रशासनिक कार्य के लिए कर्मचारियों का आना–जाना रहता है। इसलिए वहां प्रश्न पत्रों के रखरखाव के लिए स्ट्रांग रूम स्थापित करना सुरक्षा की दृष्टि से ठीक नहीं है। ऐसे में प्रशपत्र रखने के लिए अलग कमरे को स्ट्रांग रूम बनाया जाए। उन्होंने कहा है कि स्ट्रांग रूम व पेपर रखे जाने वाली आलमारी की 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी होगी। सभी परीक्षा केंद्रों में एक सुरक्षित अलमारी की इसके लिए व्यवस्था की जाएगी। इसमें पाली की परीक्षा में पहली बार प्रश्नपत्रों को निकालने के बाद उपस्थित परिक्षार्थियों को बांटने के बाद बचे पेपर को इसमें सुरक्षित रखा जाए। स्ट्रांग रूम में किसी भी अधिकारी, कर्मचारी का मोबाइल फोन के साथ प्रवेश वर्जित रहेगा। स्ट्रांग रूम का लॉग बुक व रजिस्टर में आने–जाने वाले अधिकारी–कर्मचारियों का पूरा ब्योरा रहेगा। स्ट्रांग रूम की चाभी केंद्र पर तैनात स्टैटिक मजिस्ट्रेट की अभिरक्षा में रखी जाएगी। स्ट्रांग रूम, जिसमें डबल लॉक आलमारी रखी है, को स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक व वाह्य केंद्र व्यवस्था की उपस्थिति में परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले खोला जाए और परीक्षा समाप्त होने के एक घंटे बाद सील किया जाए। उन्होंने स्ट्रांग रूम व पेपर की सुचिता बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं।

## हवन व भंडारे के साथ सवालाख हनुमान चालीसा पाठ का हुआ समापन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा क्षेत्र के प्रयागराज हाईवे पर प्रतापगंज स्थित संकटमोचन मंदिर परिसर में चल रहे सात दिवसीय सवालाख हनुमान चालीसा पाठ का शुक्रवार को हवन व भंडारे के साथ समापन हुआ।कार्यक्रम के संयोजक व मंदिर के पुजारी स्वामी विवेकानन्द महाराज की देखरेख में अयोध्या,काशी ,प्रयागराज आदि तीर्थो से आये साधु संत व कर्मकांडी विद्वानों द्वारा गत रविवार से सवालाख हनुमान चालीसा पाठ आरम्भ हुआ,जिसमे रसड़ा के महन्थ रामकृष्णदास,महन्थ अलखपुरुष दास,निर्वान गुरुमुख दास स्वामी आत्मानन्द,महन्थ बृजेश दास आदि ने सात दिनों तक अखंड



हनुमान चालीसा पाठ किया ।शुक्रवार को पाठ के समापन के पश्चात श्रद्धालुओ द्वारा महायज्ञ में आहुति दी गई।दोपहर बाद विशाल भण्डारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना हेतु 07 से 16 फरवरी 2023 तक करे आवेदन

जौनपुर सू.वि. : मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य शाहिद जमाल ने अवगत कराया है कि पूर्व में संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तर्ज पर मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का संचालन भी मत्स्य विभाग द्वारा किया जा रहा है, जो पॉच वर्षो (2022–23 से 2026–27 तक) संचालित की जायेगी। इस योजना में ग्रामसभा के तालाबों के पट्टा धारको, मनरेगा कनवर्जेन्स अथवा अन्य विभागो के माध्यम से सुधारे गये तालाबों एवं अन्य पट्टे के तालाबों के लिए है, इस योजना में न्यूनतम् पट्टा अवधि 04 वर्ष शेष रहनी चाहिए है, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना में प्रथम वर्ष निवेश पर अनुदान एंव मत्स्य बीज बैंक की स्थापना दो उपयोजना है, इन दोनो ही उपयोजनाओं में 04.00 लाख प्रति हेक्टेयर पर 40 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा तथा अवशेष 60 प्रतिशत लाभार्थी अंश होगा। यह योजना प्रदेश में स्थानीय पट्टा धारक मत्स्य पालकों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान में सहायक होगी। तथा प्रदेश में मत्स्य उत्पादन एंव उत्पादकता में वृद्धि होगी व स्वरोजगार का सृजन होगा। उक्त योजना में विभागीय वेबसाइट http//fisheries.up.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन किया जाना है।

# उपनयन संस्कार तथा उसके अध्यात्मिक व वैज्ञानिक महत्व –भरत राज सिंह

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भरत राज सिह,पर्यावरणविद व महानिदेशक, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ (एकेटीयू से संबद्ध), ने बताया कि सनातन हिन्दू धर्म के 16 संस्कारों में से एक 'उपनयन संस्कार' के अंतर्गत ही जनेऊ पहनी जाती है जिसे 'यज्ञोपवीत संस्कार' भी कहा जाता है ६ यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं, प्रजापतेयर्त्सहजं पुरस्तात। आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं, यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः६ जनेऊ को अन्य नामों से भी जाना जाता है, जैसे – उपवीत, यज्ञसूत्र, व्रतबन्ध, बलबन्ध, मोनीबन्ध, ब्रह्मसूत्र, आदि। जनेऊ संस्कार (जनेऊ धारण) की परम्परा वैदिक काल से चली आ रही है, जिसे उपनयन संस्कार भी कहते हैं। उपनयन' का अर्थ है दृ " पास या सन्निकट ले जाना। " किसके पास? दृ ब्रह्म (ईश्वर) और ज्ञान के पास ले जाना। इस संस्कार में मुंडन और पवित्र जल में स्नान भी अहम होते हैं। जनेऊ क्या हैः जनेऊ को संस्कृत भाषा में 'यज्ञोपवीत' कहा जाता है। यह तीन धागों वाला सूत से बना पवित्र धागा होता है, जिसे व्यक्ति बाएं कंधे के ऊपर तथा दाईं भुजा के नीचे पहनता है। अर्थात् इसे गले में इस तरह डाला जाता है कि वह बाएं कंधे के ऊपर रहे। जनेऊ में तीन सूत्र दृ त्रिमूर्ति ब्रह्मा, विष्णु और महेश के प्रतीक दृ देवऋृण, पितृऋृण और ऋृषिऋृण के प्रतीक दृ सत्व, रज और तम के प्रतीक होते है। साथ ही ये तीन सूत्र गायत्री मंत्र के तीन चरणों के प्रतीक है तो तीन आश्रमों के प्रतीक भी। जनेऊ के एक–एक तार में तीन–तीन तार होते हैं। अतः कुल तारों की संख्य्या नौ होती है। इनमे एक मुख, दो नासिका, दो आंख, दो कान, मल और मूत्र के दो द्वारा मिलाकर कुल नौ होते हैं। इनका मतलब है दृ हम मुख से अच्छा बोले और खाएं, आंखों से अच्छा देंखे और कानों से अच्छा सुने। जनेऊ में पांच गांठ लगाई जाती है जो ब्रह्म, धर्म, अर्ध, काम और मोक्ष का प्रतीक है। ये पांच यज्ञों, पांच ज्ञानेद्रियों और पंच कर्मों के भी प्रतीक है। जनेऊ की लंबाईः जनेऊ की लंबाई 96 अंगुल होती है क्यूंकि जनेऊ धारण करने वाले को 64 कलाओं और 32 विद्याओं को सीखने का प्रयास करना चाहिए। 32 विद्याएं चार वेद, चार उपवेद, छह अंग, छह दर्शन, तीन सूत्रग्रंथ, नौ अरण्यक मिलाकर होती है। 64 कलाओं में वास्तु निर्माण, व्यंजन कला, चित्रकारी, साहित्य कला, दस्तकारी, भाषा, यंत्र निर्माण, सिलाई, कढ़ाई, बुनाई, दस्तकारी, आभूषण निर्माण, कृषि ज्ञान आदि आती हैं। क्या है जनेऊ के धार्मिक महत्व– सनातन धर्म की पहचान : हिन्दू धर्म में प्रत्येक हिन्दू का कर्तव्य है जनेऊ पहनना और उसके नियमों का पालन करना। जनेऊ धारण करने के बाद ही द्विज बालक को यज्ञ तथा स्वाध्याय करने का अधिकार प्राप्त होता है। द्विज का अर्थ होता है दूसरा जन्म। जनेऊ धारण के समय बालक के हाथ में एक दंड होता है। इस दौरान वो बगैर सिला एक ही वस्त्र पहनता है और उसके गले में पीले रंग का दुपट्टा होता है। मुंडन के बाद शिखा रखी जाती है। पैर में खड़ाऊ होती है। मेखला, कोपीन, दंडः कमर में बांधने योग्य नाड़े जैसे सूत्र को मेखला कहते हैं। मेखला को मुंज और करधनी भी कहते हैं। कपड़े की सिली हुई सूत की डोरी, कलावे के लम्बे टुकड़े से मेखला बनती है। कोपीन लगभग 4 इंच चौड़ी डेढ़ फुट लम्बी लंगोटी होती है। इसे मेखला के साथ टांक कर भी रखा जा सकता है। दंड रूप में लाठी या ब्रह्म दंड जैसा रोल भी रखा जा सकता है। यज्ञोपवीत को पीले रंग में रंगकर रखा जाता है। बगैर सिले वस्त्र पहनकर, हाथ में एक दंड लेकर, कोपीन और पीला दुपट्टा पहनकर विधि–विधान से जनेऊ धारण की जाती है। जनेऊ धारण करने के लिए एक यज्ञ होता है, जिसमें जनेऊ धारक अपने संपूर्ण परिवार के साथ भाग लेता है। यज्ञ द्वारा संस्कार किए गए जनेऊ को विशेष विधि से ग्रन्थित करके बनाया जाता है। इसे गुरु दीक्षा के बाद ही धारण किया जाता है। अपवित्र होने पर इसे बदल लिया जाता है। गायत्री मंत्र से शुरू होता है ये संस्कार : यज्ञोपवीत संस्कार गायत्री मंत्र से शुरू होता है। गायत्री– उपवीत का सम्मिलन ही द्विजत्व है। यज्ञोपवीत में तीन तार हैं, गायत्री में तीन चरण हैं। 'तत्सवितुर्वरेण्यं' प्रथम चरण, 'भर्गोदेवस्य धीमहि' द्वितीय चरण, 'धियो यो नः प्रचोदयात्' तृतीय चरण है। गायत्री महामंत्र की प्रतिमा दृ यज्ञोपवीत, जिसमें 9 शब्द, तीन चरण, सहित तीन व्याहृतियां समाहित हैं। इस मन्त्र से करते हैं यज्ञोपवीत संस्कार : यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात् । आयुष्यमग्रं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः।। यज्ञोपवित संस्कार प्रारम्भ करने के पूर्व यज्ञोपवीत का मुंडन करवाया जाता है। संस्कार के मुहूर्त के दिन लड़के को स्नान करवाकर उसके सिर और शरीर पर चंदन केसर का लेप करते हैं और जनेऊ पहनाकर ब्रह्मचारी बनाते हैं। फिर हवन करते हैं। विधिपूर्वक गणेशादि देवताओं का पूजन, यज्ञवेदी एवं बालक को अधोवस्त्र के साथ माला पहनाकर बैठाया जाता है। इसके बाद दस बार गायत्री मंत्र से अभिमंत्रित करके देवताओं के आह्घ्वान के साथ उससे शास्त्र शिक्षा और व्रतों के पालन का वचन लिया जाता है। गुरु मंत्र सुनाकर कहता है कि आज से तू अब ब्राह्मण हुआ अर्थात ब्रह्म (सिर्फ ईश्वर को मानने वाला) को माने वाला हुआ। इसके बाद मृगचर्म ओढ़कर मुंज (मेखला) का कंदोरा बांधते हैं और एक दंड हाथ में दे देते हैं। तत्पश्चात्ध वह बालक उपस्थित लोगों से भीक्षा मांगता है। जनेऊ धारण करने की उम्र : जिस दिन गर्भ धारण किया हो उसके आठवें वर्ष में बालक का उपनयन संस्कार किया जाना चाहिए। जनेऊ पहनने के बाद ही विद्यारंभ होना चाहिए, लेकिन आजकल गुरु परंपरा के समाप्त होने के बाद अधिकतर लोग जनेऊ नहीं पहनते हैं तो उनको विवाह के पूर्व जनेऊ पहनाई जाती है। लेकिन वह सिर्फ रस्म अदायिगी से ज्यादा कुछ नहीं, क्योंकि वे जनेऊ का महत्व नहीं समझते हैं। किसी भी धार्मिक कार्य, पूजा–पाठ, यज्ञ आदि करने के पूर्व जनेऊ धारण करना जरूरी है। हिन्दू धर्म में विवाह तब तक पूर्ण नहीं होता जब तक कि जनेऊ धारण नहीं किया जाए। जनेऊ धारण के नियम 1.मल–मूत्र विसर्जन के दौरान जनेऊ को दाहिने कान पर चढ़ा लेना चाहिए और हाथ स्वच्छ करके ही उतारना चाहिए। इसका मूल भाव यह है कि जनेऊ कमर से ऊंचा हो जाए और अपवित्र न हो। यह बेहद जरूरी होता है। 2.अगर जनेऊ का कोई तार टूट जाए या 6 माह से अधिक समय हो जाए, तो बदल देना चाहिए। खंडित प्रतिमा शरीर पर नहीं रखते। धागे कच्चे और गंदे होने लगें, तो पहले ही बदल देना उचित है। 3.घर में जन्म–मरण के सूतक के बाद इसे बदल देने की परम्परा है। जिनके गोद में छोटे बच्चे नहीं हैं, वे महिलाएं भी जनेऊ संभाल सकती हैंय किन्तु उन्हें हर मास मासिक शौच के बाद उसे बदल देना पड़ता है। 4. 3–तार(धागो) की जनेऊ को धारण करने वाले को पूर्ण ब्रम्हचर्य का पलन करना चाहिये । 5. जनेऊ शरीर से बाहर नहीं निकाला जाता। साफ करने के लिए उसे कण्ठ में पहने रहकर ही घुमाकर धो लेते हैं। भूल से उतर जाए, तो प्रायश्चित की एक माला जप करने या बदल लेने का नियम है। 6. बालक जब इन नियमों के पालन करने योग्य हो जाएं, तभी उनका यज्ञोपवीत संस्कार करना चाहिए। जनेऊ का वैज्ञानिक महत्व चुकि जनेऊ धांगो से बना होता है और इसकी 96 अंगुल की होनी चाहिये जिससे मल–मूत्र विसर्जन के पूर्व जनेऊ को कानों पर कस कर दो बार लपेटना पड़ता है। इसके दो कारण है पहला यह क जनेऊं उपर हो जाती है जिसके चलते यह अपवित्र नहीं होती है और दूसरा कारण यह है कि कान के पीछे की दो नसें, जिनका संबंध पेट की आंतों से होता है, आंतों पर दबाव डालकर उनको पूरा खोल देती है, जिससे मल विसर्जन आसानी से हो जाता है तथा कान



के पास ही एक नस से मल–मूत्र विसर्जन के समय कुछ द्रव्य विसर्जित होता है। जनेऊ उसके वेग को रोक देती है, जिससे कब्ज, एसीडीटी, पेट रोग, मूत्रन्द्रीय रोग, रक्तचाप, हृदय के रोगों सहित अन्य संक्रामक रोग नहीं होते। कान में जनेऊ लपेटने से मनुष्य में सूर्य नाड़ी का जाग्रण होता है। हालांकि और भी कई कारण बताए जाते हैं। जैसे विद्यालयों में बच्चों के कान खींचने के मूल में एक यह भी तथ्य छिपा हुआ है कि उससे कान की वह नस दबती है, जिससे मस्तिष्क की कोई सोई हुई तंद्रा कार्य करती है। इसलिए भी यज्ञोपवीत को दायें कान पर धारण करने का उद्देश्य बताया गया है। 1.जनेऊ धारण करने से विद्युत प्रवाह रेखा नियंत्रित रहती है जिससे काम–क्रोध पर नियंत्रण रखने में आसानी होती है। 2.जनेऊ के हृदय के पास से गुजरने से यह हृदय रोग की संभावना को कम करता है, क्योंकि इससे रक्त संचार सुचारू रूप से संचालित होने लगता है। 3. जनेऊ पहनने वाला व्यक्ति सफाई नियमों में बंधा होता है। यह सफाई उसे दांत, मुंह, पेट, कृमि, जीवाणुओं के रोगों से बचाती है। 4.जनेऊ को दायें कान पर धारण करने से कान की वह नस दबती है, जिससे मस्तिष्क की कोई सोई हुई तंद्रा कार्य करती है। 5.दाएं कान की नस अंडकोष और गुप्तेन्द्रियों से जुड़ी होती है। मूत्र विसर्जन के समय दाएं कान पर जनेऊ लपेटने से शुक्राणुओं की रक्षा होती है। 6.कान में जनेऊ लपेटने से मनुष्य में सूर्य नाड़ी का जाग्रण होता है। 7.कान पर जनेऊ लपेटने से पेट संबंधी रोग एवं रक्तचाप की समस्या से भी बचाव होता है। 8.जनेऊ से कब्ज, एसीडीटी, पेट रोग, मूत्रन्द्रीय रोग, रक्तचाप, हृदय के रोगों सहित अन्य संक्रामक रोग नहीं होते। 9.जनेऊ से पवित्रता का अहसास होता है। यह मन को बुरे कार्यों से बचाती है। 10.बार–बार बुरे स्वप्न आने की स्थिति में जनेऊ धारण करने से ऐसे स्वप्न नहीं आते। जनेऊ का ज्योतिषीय महत्व व्यक्ति को दो जनेऊ धारण कराया जाता है। धारण करने के बाद उसे बताता है कि उसे दो लोगों का भार या जिम्मेदारी वहन करना है, एक पत्नी पक्ष का और दूसरा अपने पक्ष का अर्थात् पति पक्ष का। अब एक–एक जनेऊ में 9–9 धागे होते हैं जो हमें बताते हैं कि हम पर पत्नी और पत्नी पक्ष के 9–9 ग्रहों का भार ये ऋृण है उसे वहन करना है। अब इन 9–9 धागों के अंदर से 1–1 धागे निकालकर देखें तो इसमें 27-27 धागे होते हैं। अर्थात् हमें पत्नी और पति पक्ष के 27–27 नक्षत्रों का भी भार या ऋृण वहन करना है। अब अगर अंक विद्या के आधार पर देंखे तो 279 = 36 होता है, जिसको एकल अंक बनाने पर 36=3+6=9 आता है, जो एक पूर्ण अंक है। अब अगर इस 9 में दो जनेऊ की संख्या अर्थात 2 और जोड़ दें तो 9+2= 11 होगा जो हमें बताता है की हमारा जीवन अकेले अकेले दो लोगों अर्थात् पति और पत्नी (1 और 1) के मिलने से बना है। 1+1 = 2 होता है जो अंक विद्या के अनुसार चंद्रमा का अंक है। जब हम अपने दोनों पक्षों का ऋृण वहन कर लेते हैं तो हमें अशीम शांति की प्राप्ति हो जाती है।

## थाना सरायख्वाजा पुलिस ने मुकदमे में फरार चल रहे दो वाछिंत अभियुक्तो को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस उप महानिरीक्षक / पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा जनपद मे अपराध की रोक थाम व अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर जौनपुर के पर्वेक्षण में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0– 89/22 व मु0अ0सं0 91/22 में वाछिंत दो अभियुक्तो को चौकी प्रभारी पूर्वाचल उ0नि0 श्री सन्तोष कुमार यादव मय हमराह के साथ मुखबीर खास की सूचना पर अभियुक्त बृजेश यादव उर्फ बिरजू यादव को सरायख्वाजा नहर पुलिया के पास से दिनांक 01.02.2023 की एक तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया तथा मुकदमे में वाछिंत अभियुक्त भोनू यादव पुत्र दयाशंकर यादव निवासी कोईरीडीहा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर को मुखबीर खास की सूचना पर उ0नि0 श्री गोविन्द देव मिश्रा मय हमराहीयान के शिकारपुर पुलिया के पास से 2 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा के साथ दिनांक 01.02.2023 को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्तगण को दिनांक 02.02.2023 को आवश्यक विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण 1. भोनू यादव पुत्र दयाशँकर यादव निवासी कोईरीडीहा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर ।शातिर अपराधी/H.S. 2.बृजेश यादव उर्फ बिरजू यादव पुत्र योगेन्द्र यादव निवासी सरायख्वाजा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। अपराधिक इतिहास भोनू यादव पुत्र दयाशँकर यादव 1.मु0अ0सं0 448/12 धारा 356/511 भादवि थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 2.मु0अ0सं0 518/12 धारा 356/392/411 भादवि थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 3. मु0अ0सं0 523/12 धारा 356/392/411 भादवि थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 4. मु0अ0सं0 504/12 धारा 394 भादवि थाना सिकरारा जनपद जौनपुर 5. मु0अ0सं0 32/16 धारा 41/411/414 भादवि थाना लाईनबाजार जनपद जौनपुर6. मु0अ0सं0 151/18 धारा 392/411 भादवि थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 7.मु0अ0सं0 327/18 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना सरायख्वाजा जौनपुर 8.मु0अ0सं0 285/18 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 9.मु0अ0सं0 62/21 धारा 147/148/149/323/504/506/307/332/353/427/186/341 भादवि व 7 सीएलए एक्ट व 3 सार्वजनिक निवारण अधिनियम थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 10.मु0अ0सं0 197/21 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 11.मु0अ0सं0 258/21 धारा 323/504/506 भादवि व 3(2)5ए एससी एसटी एक्ट थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 12.मु0अ0सं0 307/16 धारा 392/411 भादवि थाना मडुवाडीह जनपद वाराणसी 13.मु0अ0सं0 349/12 धारा 392 भादवि थाना मडुवाडीह जनपद वाराणसी 14.



मु0अ0सं0 358/21 धारा 323/504 भादवि 3(2)5ए थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 15.मु0अ0सं0 89/22 धारा 147/323/504/506/336/353/427 भादवि व 7 सीएलए एक्ट थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 16. मु0अ0सं0 91/22 धारा 147/148/323/504/506/336/353/427/352/307 भादवि व 7 सीएलए एक्ट थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 17. मु0अ0सं0 02/23 धारा 323/504/506 भादवि व 3(2)5क एससी एसटी एक्ट थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 18.मु0अ0सं0 21/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना सरायख्वाजा जौनपुर अपराधिक इतिहास बृजेश यादव उर्फ बिरजू यादव 1.मु0अ0सं0 20/23 धारा 3/25 आर्मस एक्ट थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर । 2.मु0अ0सं0 234/20 धारा 188/269 भादवि 3 महामारी अधि0 थाना सरायख्वाजा जौनपुर । 3.मु0अ0सं0 395/21 धारा 386/504 भादवि थाना सरायख्वाजा जौनपुर । 4.मु0अ0सं0 396/21 धारा 307/323/353/504/506 भादवि 7 सीएलए एक्ट थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 5.मु0अ0सं0 89/22 धारा 147/323/504/506/336/353/427 भादवि व 7 सीएलए एक्ट थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 6.मु0अ0सं0 91/22 धारा 147/148/323/504/506/336/353/427/352/307 भादवि व 7 सीएलए एक्ट थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर 7. मु0अ0सं0 175/22 धारा 3/5/25 आर्मस एक्ट थाना सरायख्वाजा जौनपुर । बरामदगी का विवरण 1.2 किलो 500 ग्राम गांजा । 2.1 देशी तमंचा 315 बोर मय 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर 3.एक मोटर साईकिल UP 44 AX 4827 गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम – 1. उ0नि0श्री गोविन्द देव मिश्रा थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 2. हे0का0 विरेन्द्र कुमार यादव थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 3. हे0का0 जय प्रकाश नारायण थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 4. का0 संदीप पटेल थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 5. उ0नि0 श्री सन्तोष कुमार यादव चौकी प्रभारी पूर्वाचल थाना सरायख्वाजा जौनपुर । 6. हे0का0 महेन्द्र यादव थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर । 7. का0 विक्रान्त सैनी थाना सरायख्वाजा जौनपुर।

## पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के औड़िहार–जौनपुर 59 किमी रेल खण्ड दोहरीकरण परियोजना का किया गया परीक्षण

जौनपुर सू.वि. : रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचालन सुगमता हेतु मूलभूत ढ़ांचे में विस्तार के क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के औड़िहार–जौनपुर 59 किमी रेल खण्ड दोहरीकरण परियोजना के अंतिम चरण में इस खण्ड पर मुफ्तीगंज–जौनपुर 14.6 किमी रेल खण्ड का विद्युतीकरण के साथ दोहरीकरण कार्य के अन्तर्गत नवनिर्मित दूसरी लाइन एवं जौनपुर–मुफ्तीगंज के मध्य किमी 55/0 तक का संरक्षा परीक्षण रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर सर्किल मो लतीफ खान द्वारा 02 फरवरी,2023 को किया गया। इस निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी /निर्माण श्री एस सी श्रीवास्तव,वाराणसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री रामाश्रय पाण्डेय,मुख्य इंजीनियर(निर्माण)श्री आशुतोष मिश्रा,मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर(प्लानिंग) श्री आर के सिंह,मुख्य विद्युत डिजाइन इंजीनियर(निर्माण) श्री ओ पी सिंह,उप रेल संरक्षा आयुक्त श्री बलबीर यादव, अपर मंडल रेल प्रबंधक(इंफ्रा)श्री राहुल श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्री ए पी सिंह,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर तृतीय श्री अनुज वर्मा,वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री आशुतोष शुक्ला, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण) श्री आर एन सिंह,वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) श्री पंकज केशरवानी समेत बी जी निर्माण संगठन एवं वाराणसी मंडल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। रेल संरक्षा आयुक्त मो लतीफ ने सबसे पहले मुफ्तीगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और दोहरीकृत सेक्शन के मानक के अनुरूप स्टेशन की पूर्ण ब्लॉक वर्किंग,सिगनलों की स्टैण्डर्ड इंटरलॉकिंग,कलर लाइट सिगनलिंग ,स्टेशन पैनल VDU प्रणाली के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ पॉइंट्स और सिगनलों के रूट सेटिंग, मानक के अनुरूप यार्ड प्लान,न्यूट्रल सेक्शन, पावर सब स्टेशन,स्टेशन वर्किंग रूल, पैदल उपरिगामी पुल,प्लेटफार्म क्लियरेंस, पॉइंट क्रासिंग,ओवर हेड ट्रैक्शन की ऊँचाई ,ब्लॉक ओवर लैप,फाउलिंग मार्क, सैंड हम्प , फीडर पावर सप्लाई वितरण प्रणाली तथा नियंत्रण फीडर आइसोलेशन आदि की संरक्षा परखी । मुफ्तीगंज स्टेशन के निरीक्षण के पश्चात रेल संरक्षा आयुक्त मोटर ट्राली से मुफ्तीगंज–जौनपुर ब्लॉक सेक्शन के निरीक्षण के लिए रवाना हुए ।इस दौरान उन्होंने किमी सं–43/2–3 पर स्थित स्विच एक्सटेंशन जॉइंट सं 15,समपार फटक संख्या–29। का भी संरक्षा निरीक्षण किया और गेट मैन से दोहरिकृत सह विद्युतीकृत खण्ड पर बरते जाने वाली सावधानियों एवं कार्यप्रणाली पर संरक्षा प्रश्न पूछा और यथोचित उत्तर पाकर संतुष्ट हुए इसके अतिरिक्त उन्होंने नवनिर्मित लो–हाइट सब–वे का भी निरीक्षण किया । इसके बाद उन्होंने कर्व संख्या–9 का गहन निरीक्षण किया और कर्वेचर पर पड़ने वाले सिगनलों की ऊँचाई एवं ट्रैक से मानक दूरी का मापन किया । इसी क्रम में रेल संरक्षा आयुक्त ने किमी सं–47/1 पर माइनर ब्रिज सं–31 एवं किमी सं–52/2–3 पर आरक्षित समपार सं–37 का भी संरक्षा निरीक्षण किया। तदुपरान्त इस खण्ड में किमी सं–52/6–7 पर पड़ने वाले इंटरमीडिएट ब्लॉक स्टेशन यादवेन्द्र नगर हाल्ट स्टेशन का संरक्षा निरीक्षण किया । उक्त रेल खण्ड में पड़ने वाले पॉइंट क्रासिंग,स्विच एक्सटेंसन जॉइंट्स,चेतावनी बोर्ड एवं समपार फाटकों का संरक्षा निरीक्षण किया तथा दोहरीकृत रेल खण्ड के मानकों के अनुरूप विकसित सभी कार्यो को ठीक पाया । तदुपरान्त रेल संरक्षा आयुक्त ट्रॉली निरीक्षण करते हुए किमी सं–55/0 से 57/0 तक दोहरीकरण सम्बंधित विकास कार्यों का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने किमी सं–55/4–5 पर स्थित समपार सं–40ब आदि की संरक्षा परखते हुए जौनपुर पहुँचे । उक्त रेल खण्ड का संरक्षा निरीक्षण करते हुए रेल संरक्षा आयुक्त ने ब्लाक सेक्शन में दोहरीकरण के अनुरूप समपार फाटकों के सुधार,नई लाइन के कर्वेचर के इन्डेन्ट ,नवनिर्मित पूल पुलियाओं तथा ब्लाक सेक्शन में स्टैंडर्ड मानकों के अनुसार लाइन फिटिंग्स, बैलास्टिंग एवं पैकिंग, कर्वेचर पर क्लियरेंस तथा दोहरीकरण के अनुरूप समपार फाटकों बूम लॉक व हाइट गेजों के संस्थापन सुनिश्चित किया । ज्ञातव्य हो की जौनपुर–औड़िहार रेल खण्ड के दोहरीकरण से एक वैकल्पिक मार्ग प्रदान करके भीड़भाड़ वाले उत्तर रेलवे मार्ग पर दबाव कम हो जाएगा। समाचार जारी किये जाने तक सी आर एस स्पेशल ट्रेन से मुफ्तीगंज – जौनपुर रेल खण्ड का स्पीड ट्रायल नहीं हुआ है। आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि आज से औड़िहार–जौनपुर रेल खण्ड को आज से विद्युतीकरण के साथ दोहरीकृत समझें और रेलवे ट्रैक तथा ओवर हेड लाइन से सुरक्षित दूरी बनाये रखें । उक्त जानकारी जनसम्पर्क अधिकारी,वाराणसी अशोक कुमार ने दी।

## थाना सरपतहां पुलिस द्वारा 01 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस उपमहानिरीक्षक/ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के कुशल



निर्देशन व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी शाहगंज व थानाध्यक्ष सरपतहां के कुशल पर्यवेक्षण में दिनांक 02.02–2023 को थाना सरपतहां की पुलिस द्वारा गिरफ्तार शुदा 01 वारण्टी सम्बन्धित मु0न0–4757/20 धारा–498। व ¾ डी0पी0 एक्ट बनाम रविन्द्र कुमार उर्फ वीरेन्द्र पुत्र स्व0 शिवमूरत निवासी जहरूद्दीनपुर थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट ,फास्ट ट्रैक कोर्ट( महिला विरूद्ध अपराध) जनपद आजमगढ़ भेजा गया। पंजीकृत अपराध– 1.मु0न0–4757/2020 धारा – 498। व ¾ डी0पी0 एक्ट गिरफ्तार अभियुक्त– 1.रविन्द्र कुमार उर्फ वीरेन्द्र पुत्र स्व0 शिवमूरत निवासी जहरूद्दीनपुर थाना सरपतहाँ जनपद जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1.उ0नि0 सुनील कुमार थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 2.हे0कां0 छद्दू यादव थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। 3. कां0 राहुल मिश्रा थाना सरपतहां जनपद जौनपुर।

## दोहरीकरण रेलवे लाइन व मुफ्तीगंज रेलवे स्टेशन का सी आर एस ने किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय विकास खंड के मुफ्तीगंज रेलवे स्टेशन पर साढ़े नौ बजे सी आर एस मो० लतीफ खान ने पहले मुफ्तीगंज स्टेशन पर पहुंच कर सभी अभिलेख और नक्से की जांच किया इसके बाद मुफ्तीगंज से जौनपुर तक रेलवे दोहरी करण का निरीक्षण के लिए मोटर ट्राली से जौनपुर के लिए रवाना हुए हनुआडीह दुगौली गांव के पास रेलवे प्वाइन्ट की नाप करवाए फिर वहां से चल कर जगह जगह रूक कर दोहरी करण रेलवे लाइन की जांच किए । ग्रामीणो ने ट्रेन ठहराव और रास्ता के लिए डी आर एम का किया घेराव दिया पत्रक इलाहाबाद ऐजे पैसेन्जर को औड़िहार तक चलाने के लिए किया माग डीआर एम ने दिया अस्वासन ग्राम प्रधान राजनेत और अनिल सोनकर गांगुली एडोवोकेट की अध्यक्षता में ग्रामीणो के साथ डीआरएम का घेराव कर रास्ता के लिए और ट्रेन ठहराव के लिए पत्रक दिया और ऐजे इलाहाबाद पैसेन्जर ट्रेन को औड़िहार तक चलाने की माग किया इस पर डी आर एम रामाश्रय पान्डेय ने अस्वासन दिया कि यह एन आर का मामला है एन आर से बात कर इलाहाबाद ऐजे पैसेन्जर को चलवाया जयेगा अनिल सोनकर गांगुली एडोवोकेट ने ग्राम वासियो और ब्यापारियो के साथ केराकत और मुफ्तीगंज स्टेशन पर सभी एक्सप्रेस ट्रेनो का ठहराव के लिए माग किया है। अनिल सोनकर एडोवोकेट ने कहा कि यदि 15 फरवरी तक हम लोगो की माग नहीं मानी गयी तो 28 फरवरी को केराकत स्टेशन पर धरना पर बैठा जायेगा।

## मस्जिदों में लगी लाउडस्पीकर की आवाज 55 डेसिबल से अधिक न हो– कोतवाल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : नवागत प्रभारी निरीक्षक किशोर कुमार चौबे ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के क्रम में सभी उप निरीक्षकों को निर्देश दिया है कि वह अपने अपने क्षेत्रों में मस्जिदों के लाउडस्पीकर की ध्वनि सुप्रीम कोर्ट के मानक के अनुसार करवाएं और दोबारा मानक के विपरीत लाउडस्पीकर बजाए जाने पर मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवाने की कार्यवाही करें। सुप्रीम कोर्ट ने आवासीय क्षेत्रों में दिन में 55 डिसिबल और रात में 45 डेसिबल से अधिक ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाए जाने पर पाबंदी लगाई है कहा कि यदि इससे तेज ध्वनि में मस्जिदों से अजान की आवाज सुनाई देगी तो ऐसे मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतरवा लिए जाएंगे। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि किसी भी दशा में थाने में दलालों का प्रवेश नहीं होने पाएगा। डग्गामार वाहनों के खिलाफ भी तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश नवागत प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस को दिया है ।

## चूल्हे की चिंगारी से रिहायशी मड़हा गृहस्थी के सामान सहित जलकर हुआ खाक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जफराबाद थाना क्षेत्र के कादीपुर गांव के निवासी सुरेंद्र प्रताप गौतम के रिहायशी मड़हे में रह रहा परिवार गुरुवार को सुबह 11 बजे खाना बनाने के बाद खेतो में काम करने के लिए चला गया था। चूल्हे में बची हुई आग हवा के झोंके से उड़ कर उसमें से कोई चिंगारी मड़हे में जा घुसी। जिसके वजह से मड़हे में तेज आग लग गई। जब तक गांव के लोग जुटकर आग पर काबू पाते तब तक मड़हा व उसमे रखा हुआ बिस्तर, चारपाई, एक बेड, 5 कुंतल अनाज, 4 हजार नगदी, एक टीवी व तीन बॉक्स कपड़े व फाइवर की 6 कुर्सियां जलकर खाक हो गया। खबर लिखे जाने तक मौके पर कोई भी राजस्व विभाग से नही पहुचा था। मड़हा जलने के वजह से सुरेंद्र प्रताप के घर की महिलाओं का रो– रो कर बुरा हाल है।

## खंभा न तार बिजली का बिल आया सत्रह हजार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बिजली विभाग की लचर व्यवस्था के परिणाम स्वरूप बगैर खंभा– तार लगाए ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय मिरशादपुर में बिजली का बिल 17451 रुपया आ गया है। यह जानकारी




प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि जुलाई वर्ष 2020 में पैसा जमा कर बिजली की रसीद ली गई थी । लेकिन तब से विभाग ने तार कनेक्शन विद्यालय को नहीं दिया। इसके बावजूद विद्यालय के नाम 17451 का बिल आ गया है ! गौरतलब है कि विद्यालय में पढ़ने वाले डेढ़ सौ छात्र–छात्राओं के अलावा शिक्षकों के लिए भी पेयजल तथा सोचो सोच को लेकर समस्या गहराई हुई है। प्रधानाध्यापक ने इस बात की शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र त्रिपाठी से की है किया है।

## सईया भए कोतवाल अब डर काहेका –जिला पंचायत सदस्य

जौनपुर पत्रकार धनंजय विश्वकर्मा : विकासखंड शाहगंज (सोंधी) के अमरेथुआ में प्राथमिक विद्यालय पर घोर लापरवाही सामने आई है। जिसमें ग्राम प्रधान पुनिता देवी पत्नी अरविन्द कि जेठानी बन्दना प्राथमिक विद्यालय पर शिक्षामित्र के पद पर कार्यरत है। जो लगभग 2 महीने से विद्यालय नहीं आ रही, विद्यालय में ना आने के बाद भी प्रधानाध्यापक के मिलीभगत से उनका रजिस्टर पर उपस्थिति दर्ज कर दी जा रही है। बतादें की प्राथमिक विद्यालय अमरेथुआ विकास खण्ड शाहगंज में शिक्षामित्र बन्दना पत्नी अम्बिका प्रसाद निवासी अमरेथुआ थाना खेतासराय जिला जौनपुर, कार्यरत है। जो प्राथमिक विद्यालय में लगभग दो महीने से बच्चों को पढ़ाने नहीं आ रही है। इस पर प्रा.अध्यापक दिनेश कुमार ने बताया कि बन्दना एक हप्ते से स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण वह विद्यालय में नहीं आ रही हैं। वहीं स्कूल के बच्चों का माने तो दिसम्बर महीने से नहीं आ रही हैं। उसी विद्यालय के आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि बन्दना मैडम की स्वास्थ्य दो महीनों से ठीक नहीं है इसलिए वह विद्यालय नहीं आ रही हैं। शिक्षामित्र का गाँव में ना होना एक चर्चा का विषय बना हुआ है। जितनी मुँह उतना बात गाँव में हो रहा है। गांव व विद्यालय के स्टॉप के लोग बन्दना का हाल जानने की कोशिस किया तो बन्दना के परिजन ने उनसे मिलाने से इनकार कर दिया। कहा की उनकी तबीयत खराब है बाद में मिल लेना। वहीं पूर्व प्रधान व जिलापंचायत



सदस्य प्रतिनिधि चंद्रशेखर राजभर ने जब विद्यालय के बच्चों को कई दिन विद्यालय से बाहर घूमते देखा तो, उन बच्चों से पूछा कि तुम लोग बाहर क्यों घूमते हो। बच्चों ने जवाब दिया कि मैडम जी का घण्टी खाली है। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ने प्रा अध्यापक दिनेश कुमार से फोन के माध्यम से जानकारी प्राप्त किया तो दिनेश कुमार द्वारा प्रतिनिधि को संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने ने इसकी जानकारी इकट्ठा किया। तब पता चला कि प्रा अध्यापक और प्रधान के मिलीभगत से बन्दना विद्यालय नहीं आ रही है। और रजिस्टर में उपस्थिति दर्ज कर दिया जा रहा है। जिससे देश के भविष्य कहे जाने वाले बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। महाप्रधान प्रतिनिधि चंद्रशेखर राजभर ने बताया कि मैं इस मामले के सम्बंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया है।

## खाद्य उद्योग मेले में ऐश्वर्य सीड के निदेशक द्वारा लोगों ने सीखा स्वरोजगार के गुर

जौनपुर सू.वि. : आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत समाज के लोगों को खाद्य प्रसंस्करण से सम्बंधित उद्यमो को स्थापित करने एवं पहले से संचालित उद्यमो के उन्नयन के लिए जिला उद्यान अधिकारी ममता सिंह यादव के मौजूदगी में कृषि भवन परिसर स्थित लोहिया पर्यावरणीय पार्क में खाद्य उद्योग मेला का आयोजन किया गया, जिसमें तेलंगाना के ऐश्वर्य शीड के निदेशक संजय प्रताप सिंह निवासी कुशीनगर द्वारा लोंगो को एकीकृत बागवानी विकास मिशन कार्यक्रम एवं अनुसूचित जाति/ जनजाति (राज्य सेक्टर) योजनान्तर्गत बीज वितरण कार्यक्रम एवं सीड क्षेत्र में निवेश एवं उद्यम के बारे विस्तृत जानकारी देकर लाभ प्रदान किया गया। यू0पी0 इन्वेस्टर में भी सजय प्रताप सिंह द्वारा जनपद मे 1000 करोड निवेश किया जाना है जिसके लिए जिलाधिकारी जौनपुर महोदय द्वारा सतहरिया में 8 एकड़ जमीन आवंटन करने का आश्वासन दिया गया है। जिसमे अन्य लोंग भी निवेश के क्षेत्र मे प्रोत्साहित होगें, एवं लोगो को रोजगार के क्षेत्र मे व्यापक वृद्वि एवं सस्ते दरों पर बीज उपलब्ध कराया जायेगा। सचिव पीएमएफएमई जौनपुर श्रीमती ममता सिंह यादव द्वारा लोगो को संबोधित करते हुए बताया गया कि एक जिला एक उत्पाद के तहत जौनपुर को दुग्ध उद्योग के तहत चुना गया है, दुग्ध उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को वरीयता भी दी जाएगी, इस योजना का लाभ लेकर किसान भी अपने फसल का प्रसंस्करण करके नये नये उत्पाद का सृजन कर और अधिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि युवाओं को स्वयं का रोजगार स्थापित करने उन्हे जागरुक करने के लिए ऐसी कार्यशाला का आयोजन प्रत्येक बृहस्पतिवार को लोहिया पर्यावरणीय पार्क में किया जाएगा, जिसमें दुग्ध उद्योग से साथ–साथ बेकरी से सम्बन्धित, दलहन एवं तिलहन उद्योग, पशु एवं मुर्गी चारा उद्योग, फल आधारित उत्पाद उद्योग, हर्बल उत्पाद उद्योग, मशरूम उत्पादन, मसाला आधारित उद्योग, आचार मुरब्बा सिरका उद्योग सहित बीस अन्य उद्योगो की स्थापना एवं उन्नयन के लिए सरकार द्वारा विशेष सब्सिडी प्रदान की जा रही है, उक्त योजना के बारे में विस्तार से जानने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला उद्यान विभाग आफिस में सम्पर्क करें।

## अमूल दूध के दाम में 3 रूपये प्रति लीटर तक की हुई बढ़ोतरी : आम ग्राहकों पर नहीं पड़ा कोई असर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अमूल के दूध के दाम में 3 रूपये प्रति लीटर तक की हुई बढ़ोतरी से आम ग्राहकों पर असर नहीं पड़ा है। हालांकि ग्राहक विनय कुमार शुक्ला निवासी ऊदपुर गेल्हवा दाउदपुर ने बताया कि अमूल कंपनी के दूध में गुणवत्ता होने के कारण मैं प्रतिदिन का ग्राहक हूं। दूध का दाम भले बढ़ गया है लेकिन जरूरत बस अमूल का ही दूध खरीदता हूँ। उधर एजेंसी मालिक अंचल कुमार सिंह ने दूध की दाम की बढ़ोतरी में होने पर बताया कि और कंपनियां अपने दूध के दाम में पहले ही बढ़ोतरी कर चुकी हैं। अमूल ने उसके बाद दाम बढ़ाया है। अमूल के दूध में गुणवत्ता के कारण ग्राहकों पर कोई असर नहीं पड़ा है। ग्राहक अमूल का दूध खरीदने के लिए होड़ लगाए हुए हैं। उन्होंने बताया कि दूध के दाम में ही नहीं बल्कि दही की कीमतों में भी वृद्धि हुआ है! दही प्रति किलो 69 रुपये के बजाए 72 रुपये में अब बिकेगा। गौरतलब है कि अमूल के दूध के दाम में 3 रुपये प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की घोषणा हुई है! यहां तक की कंपनी ने बढ़े हुए दाम को तत्काल प्रभाव से लागू भी कर दिया है! बढ़े हुए दाम के साथ अमूल गोल्ड की कीमत 66 रुपये प्रति लीटर, अमूल ताजा की कीमत 54 रुपये प्रति लीटर, अमूल्य गाय का दूध 56 रुपये प्रति लीटर ,अमूल ।2 भैंस के दूध की कीमत 70 रुपये प्रति लीटर हो गया है। हालांकि अब लोगों ने यह मान लिया है कि और भी कंपनियां दूध का दाम बढ़ा सकती हैं। अमूल ने पिछले वर्ष अक्टूबर माह में दूध की कीमत में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। कंपनी के एजेंसी मालिक अंचल कुमार सिंह ने बताया कि दूध के संचालन और उत्पादन की कुल लागत में वृद्धि के कारण कंपनी ने दूध के दाम में वृद्धि किया है।

## राजेपुर ने समैंसा को दो विकेट से हराया : नयनसंड में शुरू हुई रूल आउट क्रिकेट प्रतियोगिता

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर क्षेत्र के नयन संड गांव में आयोजित एन पी एल प्रीमियर लीग अंडर आर्म का शुभारम्भ समाजसेवी रमेश कुमार और पप्पू राय ने फीता काट कर दिया उन्होंने कहा की खेल से आपसी भाई चारे को बढ़ावा मिलता है खेल के मैदान में जात पात की कुरीति मिट जाती है खेल के मैदान में ईमानदारी और लगन वाला खिलाड़ी और टीम हमेशा जीत की मंजिल को हासिल करती है उद्घाटन मैच समैंसा और राजेपुर के बीच खेला गया टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी समैसा की टीम ने निर्धारित छह ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर 59 रन का लक्ष्य दिया लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजेपुर की टीम ने दो छह विकेट पर लक्ष्य को हासिल कर लिया अम्पायर की भूमिका गुडलक राय और नवनिष राय और कमेंट्री कृष्ण दत्त राय ने की इस मौके पर देवेश राय बगीश , गुडलक राय समीर राय पवन लव राय ,सतीश कन्नौजिया, अम्बुज राय आदि लोग मौजूद रहे।

## पट्टीनरेंद्रपुर–सरपतहां मार्ग का होगा चौड़ीकरण – रमेश सिंह विधायक शाहगंज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुइथाकलां जौनपुर क्षेत्र के पट्टीनरेंद्रपुर–सरपतहां मार्ग के निर्माण की मांग अब पूरी होने के कगार पर है। विधायक रमेश सिंह के प्रयास से शासन द्वारा इस मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण की मांग स्वीकृत हो गई है। शाहगंज विधानसभा के सीमा पर सुल्तानपुर जिले से लगी पट्टीनरेंद्रपुर बाजार स्थित है। यहां से सरपतहां मोड़ स्थित लखनऊ–बलिया मार्ग को जोड़ने वाली आठ किमी लंबी एकमात्र सड़क दशकों से जर्जर अवस्था में थी। इसके नए सिरे से निर्माण व चौड़ीकरण की मांग जनता वर्षों से कर रही थी। क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह क्षेत्र के अन्य सड़कों के अलावा इस सड़क के चौड़ीकरण के लिए शासन में प्रयासरत थे। विभागीय सूत्रों के अनुसार इस सड़क के निर्माण पर 14.85 करोड़ रुपये लागत आने का अनुमान है। उक्त मार्ग का पट्टीनरेंद्रपुर बाजार में पड़ने वाला लगभग आठ सौ मीटर हिस्सा सीसी रोड बनेगा ताकि बरसात आदि के महीनों में पुनः टूटने से बचा रहे। इसके अलावा बाकी बचे हुए हिस्से की चौड़ाई बढ़ाकर 5.5 मीटर की जाएगी। ''क्षेत्रीय जनता की मांग पर पट्टीनरेंद्रपुर से सरपतहां मोड़ तक उक्त मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण सफलता मिली है। आगे प्रयास है कि इस मार्ग को बदलापुर के मिश्रौली में लखनऊ–वाराणसी फोरलेन में जोड़ा जा सके।

# आखिर कब मिलेगी जिला व महिला चिकित्सालय में मरीजों को दलालों व फर्जी आशा बहुओं से मुक्ति

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सीएमएस जिला चिकित्सालय के साथ–साथ सीएमएस महिला चिकित्सालय लाख सख्ती के बावजूद यह दोनों चिकित्सालय दलालों व फर्जी आशा बहुओं के चंगुल से मुक्ति नहीं पा रहा है। जिसके चलते इन दोनों चिकित्सालय में अपना इलाज कराने आने वाले मरीज व उनके परिजनों को इन दलालों व फर्जी आशा बहुओं के चंगुल में फंसना ही पड़ता है। इसका जीता जागता उदाहरण गुरुवार को दोपहर उस समय दिखाई दिया जब अचानक जिला महिला चिकित्सालय के सीएमएस डॉ आरपी वर्मा ने सौ शैय्या वाले बेड वाले हाल में निरीक्षण के लिए निकले थे।निरीक्षण के दौरान उन्हें वहां पर दो महिलाएं संदिग्ध अवस्था में दिखाई दियाए।इन दोनों महिलाओं पर शक होने पर जब सीएमएस श्री वर्मा ने उन दोनों महिलाओं से वहां पर आने का कारण पूछा तो पहले तो यह दोनों महिलाएं भौंचक रह गई।उसके बाद उन्होंने अपने को आशा बहू बताया।उसकी बात सुनने पर जब वहां पर मौजूद प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक श्री वर्मा ने उनसे आईडी व आधार कार्ड के अलावा आशा बहू से संबंधित अन्य कागजात मांगे तो वे दोनों महिलाओं ने कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सकी। जिसके चलते यह मालूम हो गया की वहां पर वह अपने पर अपने को आशा बहू बताकर यहां पर दूर–दराज से भोले भाले मरीजों व उनके परिजनों को ठगने का काम कर रही है।इस संबंध में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय श्री वर्मा ने बताया इन दोनों महिलाओं की पहचान बंदना सिंह व वेला साहू के रूप में हुई है। जिसके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएगी।अगर देखा जाए तो इन दलालों व फर्जी आशा बहुओं आज से नहीं कई सालों से सक्रिय हैं।जिला चिकित्सालय हो या महिला चिकित्सालय हो यहां पर दलालों का ही कब्जा जमा है।इस पर अंकुश लगाने के लिए अभी कुछ दिनों पहले जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ सीबीएन त्रिपाठी ने संबंधित विभाग को एक पत्र भी लिखा था परंतु वह भी ठंडे बस्ते में चला गया।कुल मिलाकर आज भी जिला चिकित्सालय व जिला महिला चिकित्सालय दलालों व फर्जी आशा बहुओं से मुक्ति नहीं पाया है।जिसका शिकार इन दोनों चिकित्सालय में भोले भाले मरीज व उनके परिजन होते हैं।जब कभी भी कोई दलाल या आशा बहुओं जिला चिकित्सालय व महिला चिकित्सालय की अधिकारियों के गिरफ्त में आती है तो वह भी कुछ दिन बाद ठंडे बस्ते में चला जाता है।फिर इन दोनों चिकित्सालय में दलालों व फर्जी आशा बहुओं का जमावड़ा हो जाती है।मालूम हो कि तत्कालीन जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने एक नहीं बल्कि कई बार जिला व महिला चिकित्सालय के औचक निरीक्षण में पाया था कि जिला चिकित्सालय व महिला चिकित्सालय के सभी चिकित्सकों के कक्ष में वहां पर तैनात कर्मी ना होकर बल्कि दलालों का पूर्ण रूप से कब्जा था जिसको लेकर उन्होंने उस समय जिले के मौजूद तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिओम श्रीवास्तव के अलावा जिला चिकित्सालय व महिला चिकित्सालय के तत्कालीन सीएमएस को भी जमकर खरी–खोटी सुनाई थी।

# यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने गलत दिशा से आ रहे वाहन चालकों को किया जागरुक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सड़क सुरक्षा माह के तहत डीआईजी/ एसएसपी मुनिराज जी,एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह व सीओ यातायात प्रमोद कुमार यादव के दिशा निर्देश पर यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने गुरुवार को अपने अधीनस्थ यातायात कर्मियों के साथ विभिन्न चौराहों पर व हाईवे पर विपरीत दिशा से आ रहे वाहन चालकों को सही दिशा में चलने के लिए जागरुक किया।उन्होंने गोरखपुर लखनऊ हाईवे के अलावा सहादतगंज, देवकाली, नवीन मंडी,बेनीगंज चौराहा, नया घाट सहित कई प्रमुख चौराहों व स्थानों पर उन्होंने यह अभियान चलाया।इस मौके पर यातायात निरीक्षक श्री शुक्ला ने हाईवे पर गलत दिशा की ओर से आ रहे दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को जहां एक ओर रोककर उन्हें अपने बाये दिशा में चलने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने चालकों से अपील किया कि जब आप सभी अपने बायी दिशा में चलेंगे तो आप तो सुरक्षित रहेंगे ही रहेंगे वही सामने वाला भी सुरक्षित रहेगा।उन्होंने इस दौरान बताया कि अधिकतर हादसे गलत दिशा की ओर वाहन चलाने के चलते होते हैं।उन्होंने जहां एक ओर विपरीत दिशा से आ रहे वाहन चालकों को रोककर उन्हें सही दिशा में चलने के लिए समझाया वही



यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालको का चालान भी किया।इस मौके पर उन्होंने उन वाहन चालकों का चालान किया जिन्होंने वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं कियेए थे वही यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे थे।उन्होंने उन वाहन चालकों के वाहनों का चालान किया।उन्होंने सभी वाहन चालको से अपील किया कि जब भी वे अपने घरों से निकले वाहन संबंधी सभी आवश्यक कागजातों को अवश्य रखें और इसके साथ ही साथ यातायात नियमों का पालन करें जिससे कि वे वाहन चेकिंग अभियान में किसी भी कानूनी कार्यवाही से बचें।

# रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का किया गया निरीक्षण

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार : जनपद अयोध्या में आज दिनांक 03.02.2023 को रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का निरीक्षण किया गया। पुलिस



उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या मुनिराज ने परेड की सलामी ली, एवं परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करायी गयी। शुक्रवार परेड के निरीक्षण पश्चात पुलिस बल को आत्मरक्षा उपकरणों का रिहर्सल कराया गया व आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।,परेड में उपस्थित पुलिस बल का शस्त्र परीक्षण कराया गया एवं पुलिस वाहनों व उपकरणों का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये गया।

# न्यायिक अधिकारी प्रशांत शुक्ला होंगे फैजाबाद सिविल कोर्ट के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट

अयोध्या(जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। फैजाबाद सिविल कोर्ट के न्यायिक अधिकारी सिविल जज (सीनियर डिवीजन) प्रशांत शुक्ला अब होंगे मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट। अनूपशहर से आ रहे न्यायिक अधिकारी अरविंद कुमार को लघुवाद न्यायालय का न्यायाधीश बनाया गया है । फैजाबाद सिविल कोर्ट की न्यायिक अधिकारी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम भव्या तिवारी होंगी सिविल जज सीनियर डिवीजन। सिविल जज सीनियर डिवीजन तृतीय आमिर सुहेल को बनाया गया,अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम। हाई कोर्ट इलाहाबाद के रजिस्ट्रार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है।

# जिला चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड व सीटी स्कैन न होने के चलते मरीजों को जाना पड़ रहा है बाहर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला चिकित्सालय में अपना इलाज कराने आने वाले मरीजों को इस समय अल्ट्रासाउंड व सीटी स्कैन कराने के लिये बाहर जाना पड़ रहा है। मरीजों व उनके परिजनों ने बाहर के सीटी स्कैन व अल्ट्रासाउंड संचालकों पर अधिक रुपये लेने का आरोप लगाया।मालूम हो कि इधर कई वर्षों से जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन के अभाव में यहां पर इलाज कराने आने वाले मरीजों को सीटी स्कैन कराने के लिये बाहर जाना पड़ता है।यही दशा इस चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड का हैं। इस चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड को संचालित करने वाले चिकित्सक सेवानिवृत्त हो गये तब से यहां पर अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहा है। जिसके चलते यहां पर आने वाले मरीजों व उनके परिजनों को बाहर से अल्ट्रासाउंड व सीटी स्कैन कराने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है।वही यहां पर बाहर से सीटी स्कैन व अल्ट्रासाउंड कराने जाने वाले मरीजों व उनके परिजनों को भारी रकम खर्च करनी होती है। मालूम हो कि जिला चिकित्सालय में आज से नहीं बल्कि कई साल से अयोध्या जिले से ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से दुर्घटना के शिकार गंभीर रूप से घायल व मरीजों का आना जाना लगा रहता है। जिसके चलते प्रतिदिन इस चिकित्सालय में अनेकों मरीज अपना इलाज कराने आते हैं।परंतु इस चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड व सीटी स्कैन मशीन के न संचालित होने के चलते वहां पर अपना इलाज कराने आने वाले मरीजों को बाहर से अल्ट्रासाउंड व सीटी स्कैन महंगे दामों पर कराना होता है।जो कि यह एक गंभीर समस्या बनी हुई है। इस संबंध में वहां पर इलाज कराने आने वाले मरीजों व उनके परिजनों ने बताया कि हम सभी मजबूरी में महंगे दामों में बाहर से अल्ट्रासाउंड व सीटी स्कैन




कराने को मजबूर हैं। परंतु इस गंभीर समस्या पर यहां के सीएमएस व अन्य अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्या कहते हैं जिला चिकित्सालय के सीएमएस डाक्टर सी बी एन त्रिपाठी जिला चिकित्सालय में अल्ट्रासाउंड व सीटी स्कैन की गंभीर समस्या को खुद सीएमएस डाक्टर सी बी एन त्रिपाठी खुद स्वीकार करते हुये बताया कि वास्तव में यह एक गंभीर समस्या है।लेकिन फरवरी के अंतिम सप्ताह या मार्च के पहले सप्ताह के मे यह समस्या दूर होने की उम्मीद है।क्योंकि मंगलवार को शासन को भेजे गए पत्राचार के माध्यम से जिला चिकित्सालय में पर्याप्त संख्या में रेडियोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, फिजीशियन, एनेस्थीसिया चिकित्सक मांग की गई है।उन्होंने बताया कि संभावना यही जताई जा रही है कि फरवरी अंतिम सप्ताह या मार्च के प्रथम सप्ताह के अंदर यहां पर इन चिकित्सकों की तैनाती शासन द्वारा कर दी जाएगी। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि जिला चिकित्सालय में सिर्फ अयोध्या जिले से ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों से भी दुर्घटना से संबंधित घायल व्यक्ति या अन्य रोगी प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में आते हैं। जिसमें से कुछ मरीजों को अल्ट्रासाउंड वाइट स्किन की जरूरत होती है लेकिन यहां पर चिकित्सक होने के चलते मजबूरन लोगों को बाहर जाना पड़ता है।

# शीघ्र ही अयोध्या वासियों को भी मिलेगी फायर सर्विस की यूनिट – मुख्य अग्निशमन अधिकारी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) शीघ्र ही अयोध्या नगर वासियों को भी अग्निशमन विभाग की ओर से एक यूनिट मिल जाएगी।इस बात की जानकारी देते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह ने खास मुलाकात में दी।उन्होंने बताया कि अयोध्या में लगने वाले अग्निशमन विभाग की यूनिट के लिए बाबा विजेसी के समीप लगभग 4000 स्क्वायर फीट जमीन भी देख ली गई है।शीघ्र ही उस पर अग्रिम कार्यवाही भी की जाएगी।आने वाले समय में यहां पर अग्निशमन विभाग की एक यूनिट बनकर तैयार हो जाएगी।जहां पर अत्याधुनिक तकनीकों से लैस दमकल व फायर विभाग के कर्मी भी तैनात होंगे।मालूम हो कि अभी तक राम जन्मभूमि परिसर के परिसर में स्थित अग्नि शमन विभाग की एक यूनिट है।लेकिन इस पर मुख्य नियंत्रण राम जन्मभूमि परिसर के अधिकारियों का है। अयोध्या शहर में जब कभी भी अग्निकांड जैसी अप्रिय घटना घटती तो उस पर काबू पाने के लिए अयोध्या मुख्यालय से दमकल व फायर कर्मी जाते या फिर राम जन्मभूमि परिसर में स्थित दमकल व फायर कर्मी के लिए वहां के अधिकारियों से पहले स्वीकृत लेनी पड़ती थी।तब जाकर वहां से दमकल को लेकर वहां के फायर कर्मी निकलते थे।जिसके चलते कभी–कभी वहां पर जब कोई अग्निकांड जैसी अप्रिय घटना घटती तो इसकी सूचना मिलते ही जब अयोध्या मुख्यालय से आग बुझाने के लिए फायर कर्मी दमकल लेकर निकलते तो बीच में जाम होने के चलते समय से नहीं पहुंच पाते थे।वही राम जन्मभूमि परिसर में स्थित फायर कर्मियों व दमकल के लिए एक जब तक वहां के अधिकारी घटनास्थल पर जाने के लिए सूचना देते तब तक आग से जन और धन की काफी नुकसान हो जाती थी। इस गंभीर समस्या को देखते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी एमपी सिंह ने अग्निशमन विभाग के एक यूनिट लगाने का प्रस्ताव शासन को भेजा और इस यूनिट को लगाने के लिए लगभग 4000 स्क्वायर फीट की भूमि अयोध्या में देख लिया गया है।उन्होंने बताया शीघ्र



ही इस पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।जल्द से जल्द अयोध्या शहर को अपना एक फायर सर्विस का भी यूनिट मिल सके। मालूम हो कि अयोध्या जिले में इस समय अग्निशमन विभाग के खुद की जमीन पर मिल्कीपुर,बीकापुर व रुदौली तहसील में अग्निशमन विभाग की यूनिट लगी हुई है।वही सोहावल मे रौनाही थाना व महाराजगंज थाना परिसर में अभी अग्निशमन विभाग की जमीन न होने के चलते आग पर काबू पाने के लिए दमकल व फायर कर्मी मौजूद हैं।उन्होंने बताया कि शीघ्र ही सोहावल वा महाराजगंज थाने क्षेत्र में भी जमीन देखकर खुद का यूनिट लगाने पर विचार किया जा रहा है।मालूम हो कि कड़े अनुशासन व सौम्य दिखने वाले तेज तर्रार व अनुभवी मुख्य अग्निशमन अधिकारी एम पी सिंह ने जब से यहां पर कार्यभार ग्रहण किया है तब से उन्होंने ऐसे ऐसे कार्य किए जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है।एक और जहां वे अयोध्या महानगर में अग्निशमन विभाग की एक यूनिट लगाने के लिये जमीन का अधिग्रहण करने की कार्यवाही तेज कर दी वहीं इसी कड़ी में अभी कुछ दिनों पहले बीकापुर फायर सर्विस यूनिट में कुछ दबंगों द्वारा दीवाल जिसपर कार्यवाही कराते हुये उन्होंने महज 15 दिनों के अथक प्रयास से इस मामले की पैरवी करके मुकदमा जीत लिया।उन्होंने बताया कि बीकापुर अग्निशमन विभाग यूनिट जहां पर है उस पर 2014–15 से हसीना बानो बनाम उत्तर प्रदेश सरकार प्रमुख सचिव गृह का मुकदमा चल रहा था।उन्होंने निरंतर पैरवी करके व मनीष मिश्रा की सराहनीय योगदान के चलते 31 जनवरी 2023 को यह मुकदमा जीत लिया।

# उपेक्षित वर्गों को शूद्र कहकर सपा इनका अपमान न करें –मायावती

लखनऊ ब्यूरो : बसपा सुप्रीमो मायावती ने रामचरितमानस प्रकरण को लेकर सपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि देश में कमजोर में उपेक्षित वर्गों का ग्रंथ रामचरितमानस व मनुस्मृति आदि नहीं बल्कि भारतीय संविधान है। जिसमें बाबा साहब ने इन्हें शूद्रों की नहीं बल्कि एससी, एसटी, ओबीसी की संज्ञा दी है। सपाई शूद्र कहकर उनका अपमान ना करें और ना



ही संविधान की अवहेलना करें। मायावती ने कहा कि सपा प्रमुख को इनकी वकालत करने से पहले लखनऊ गेस्ट हाउस के दो जून 1995 की घटना को भी याद कर अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। देखना चाहिए कि जब सीएम बनने जा रही है एक दलित की बेटी पर सपा सरकार ने जानलेवा हमला कराया था। वैसे भी यह जगजाहिर है कि देश में एससी, एसटी, ओबीसी, मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के आत्म सम्मान एवं स्वाभिमान की कदर बीएसपी में ही थी। उन्होंने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तरह यूपी में भी दलितों आदिवासियों में ओबीसी समाज के शोषण, अन्याय, नाइंसाफी तथा इन वर्गों में जन्मे महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों आदि की उपेक्षा तिरस्कार के मामले में कांग्रेस भाजपा व समाजवादी पार्टी कोई भी कम नहीं है।

# तालाबी व बंजर खाते की जमीनों पर स्थित कीमती शीशम चिलबिल के दर्जनों पेड़ो काटने में संदिग्ध राजस्व व पुलिस विभाग के रडार पर

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। तारुन थाना क्षेत्र की केशरूवा गांव पंचायत से जुड़े उमापुर वादफरोस गांव के तालाबी व बंजर खाते की जमीनों के शीशम चिलबिल के दर्जनों पेड़ कुछ लोगो ने चोरी से काट डाला। काटी गयीं कुछ लकड़ियां वन विभाग के कर्मियों द्वारा पकड़ी जाने की बात राजस्व लेखपाल प्रहलाद ने पुलिस में शिकायत में दी हैं।शिकायत में गांव के कुछ लोग नामजद आरोपी बनाये गये है जिनके विरुद्ध तारुन थाने में रिपोर्ट दर्ज करने को लेखपाल ने तहरीर दे दी है। चोरी से सरकारी पेड़ काटने में गांव के कई संदिग्धों पर पुलिस कार्यवाही की तलवार लटकती नजर आ रही हैं।जो पुलिस के रडार पर है।यह कौन है जो पुलिस जांच से पर्दा



हटेगा। कानी फुसी में गांव के कुछ संदिग्धों का नाम लेखपाल को मिले है जिसकी पुष्टि लेखपाल ने की है।

# अयोध्या राम मंदिर निर्माण के लिए लाई गई शालिग्राम शिलाएं 51 वैदिक आचार्यों ने विधि विधान से किया पूजन–अर्चन

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण तेजी से चल रहा है। केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या का संपूर्ण विकास भी हो रहा है। नेपाल से अयोध्या पहुंची शालिग्राम शिलाएं गुरुवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंप दी गईं। दोनों शिलाएं बुधवार देर रात अयोध्या पहुंची थीं। यहां साधु–संतों और जनप्रतिनिधियों ने जयकार व आतिशबाजी के बीच स्वागत किया था। 51 आचार्यों ने विधि–विधान से किया पूजन–अर्चन गुरुवार सुबह 10 बजे 51 आचार्यों ने विधि–विधान से दोनों शिलाओं का पूजन अर्चन किया। इस दौरान दूल्हा–दुल्हन सरकार, जय श्रीराम की जयकार गूंजी। अयोध्या व नेपाल के त्रेता युग के संबंधों को याद किया गया। शिलाओं का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में साधु संत एवं अयोध्यावासी एकत्र हुए। नेपाल से रामलला की मूर्ति के लिए आई शिला शिरोधार्य करने की होड़ मची रही। कोई उसके आगे नतमस्तक हो रहा था, कोई उस पर टीका लगा रहा था तो कोई शिलाओं के साथ सेल्फी भी ले रहा था। नेपाल की गंडकी नदी से आईं पवित्र शिलाएं नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री विमलेंद्र निधि ने बताया कि पहले वह जनकपुर से जुड़ी श्रीराम की विरासत के अनुरूप रामलला के लिए धनुष भेंट करना चाहते थे, किंतु राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ दो वर्ष तक चली वार्ता के बाद तय हुआ कि नेपाल की काली गंडकी नदी से रामलला की मूर्ति के लिए पवित्र शिला अर्पित की जाए। ऐसा कर हमें अपार हर्ष हो रहा है। दोनों विशाल शिलाएं अयोध्या में समर्पित की गईं। यह दो विशाल शिलाखंड बुधवार शाम ही नेपाल से गोरखपुर होते हुए रामसेवकपुरम पहुंचा दिए गए थे। गुरुवार को इन्हें विधि विधान पूर्वक नेपाल स्थित प्राचीन मिथिला की राजधानी जनकपुर के जानकी मंदिर के महंत राम तपेश्वर दास और नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री विमलेंद्र निधि ने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को समर्पण पत्र के माध्यम से भेंट किया। चंपत राय ने शिला समर्पित करने के लिए जनकपुर मंदिर, नेपाल सरकार और वहां के लोगों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# सर्विलांस अयोध्या पुलिस की सयुक्त टीम ने चोरी के 10 जनरेटर के साथ 6 चोरो को किया गिरफ्तार

अयोध्या (जिला संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। अयोध्या पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या मुनिराज द्वारा अपराध नियन्त्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर के निर्देशन एव क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर आशुतोष मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण में अयोध्या थाना खण्डासा व सर्विलांस टीम द्वारा अन्तर्जनपदीय जनरेटर चोर गैंग का पर्दाफास किया और 06 चोरो को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से कुल 10 अदद जनरेटर बरामद किया गया है। चोरो को करीब 06.20 बजे घटनास्थल मड़हा के पुल इब्राहिम पुर के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनसे कड़ाई से पूछतांछ करने पर बताये कि साहब हम लोग टेन्ट



हाउस/लाइट/डीजे का काम करते हैं तथा आपस में गैंग बनाकर रात में विभिन्न स्थानों से जनरेटर चोरी कर लेते थे।

# बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे डिवाइडर से टकराई कार दो घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर थाना क्षेत्र के गौरा डिहवा के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे तेज रफ्तार की कार डिवाइडर से टकरा गई जिसमें कार में बैठे होमियो चिकित्सक और उनका चालक घायल हो गए स्थानीय लोगो ने दोनो को कार से निकाल कर इलाज हेतु भेजा जौनपुर शहर के रहने वाले डॉ नवीन श्रीवास्तव निवासी शेख पुर और चालक मुन्ना पाठक निवासी दीवानी भगौतीपुर लाइन बाजार आजमगढ़ की तरफ अपनी स्विफ्ट कार से जौनपुर से आजमगढ़ की तरफ जा रहे थे जैसे ही गौरा डिहवा के पास पहुंचे तभी एक बाइक सवार अचानक कार के सामने आ गया बाइक सवार को बचाने के चक्कर मे कार डिवाडर से टकरा गई।

सम्पादक मंडल
श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मो0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।